तापमान

अधिकतम 27.9 डिग्री
न्यूनतम 5.0 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025



12 बटरोहन स्कूल के 54 छात्रों को बांटे गए स्वेटर व जूते





12 मासिक क्विज प्रतियोगिता में कुणाल चौहान को मिला...




## खबर संक्षेप

### पानीपत में आज से रेडक्रास का शिविर

**पानीपत।** उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रास सोसाईटी डा.विरेन्द्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन व भारतीय रेडक्रास सोसाईटी के उपाध्यक्ष अंकुश मिगंलानी व महासचिव डा.सुनील कुमार से प्राप्त निर्देशानुसार 12 से 16 दिसम्बर तक जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पीएम श्री राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जीटी रोड पानीपत के प्रांगण में किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन डीईओ राकेश बूरा मुख्य अतिथि करेंगें।

### जूनियर क्रिकेट लीग मैच का आयोजन

**पानीपत।** डीपीएस पानीपत सिटी में जूनियर क्रिकेट लीग मैच संपन्न हुआ। जिसमें चार टीमों मिनी मार्वल्स, सुपरस्टार हिटर्स, जूनियर जैगुआर्स और कूल कब्स ने उत्कृष्ट प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया। उपप्रधानाचार्या आभा विषद, अध्यापकगगण एवं सभी अभिभावक उपस्थित थे। लीग की शुरुआत पहले मैच से हुई जिसमें सुपरस्टार हिटर्स ने जूनियर जैगुआर्स को हराया। दूसरे मुकाबले में कूल कब्स ने मिनी मार्वल्स को हराया। रोमांचक मुकाबला फाइनल रहा। जिसमें सुपरस्टार्स हिटर्स और कूल कब्स में कड़े संघर्ष के बाद सुपरस्टार हिटर्स ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय के निर्देश पर जिला सचिवालय में कार्यक्रम

# योग ब्रेक में अधिकारियों और कर्मियों ने की यौगिक क्रियाएं

योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार सैनी ने प्रोटोकॉल अनुसार योगिक क्रियाएं करवाई

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने कहा कि योग ब्रेक कार्यक्रम प्रदेशभर में चलाया जा रहा

▶▶ ताड़ासन, अर्ध चक्रासन, स्कंध संचालन, कटि चक्रासन, ग्रीवा संचालन, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम जैसे अभ्यास जो कमर दर्द, गर्दन दर्द और तनाव से राहत देने में सहायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आयुष मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देश की अनुपालना में निदेशालय आयुष विभाग हरियाणा व उपायुक्त प्रीति के निर्देशानुसार वीरवार को जिला सचिवालय के सभागार में योग ब्रेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों व कर्मचारियों ने यौगिक क्रियाएं की। योग ब्रेक कार्यक्रम में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार सैनी द्वारा योग प्रोटोकॉल अनुसार योगिक क्रियाएं करवाई गई। मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया ने कहा कि योग ब्रेक कार्यक्रम प्रदेशभर में चलाया जा रहा है। जिसका उदेश्य अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यालय समय में कार्य के दौरान शरीर व मन को पुनः उर्जावान बनाना है। ताकि तनाव मुक्त होकर अधिक बेहतर ढंग से अपनी सेवाएं दे सकें। कार्य के मध्य योग ब्रेक में सम्मिलित सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम एवं ध्यान के अभ्यास द्वारा शरीर एवं मन में नई ऊर्जा का संचार होता है। पांच से दस मिनट का एक सरल प्रभावी और वैज्ञानिक योग प्रोटोकॉल है। जो तनाव कम करने, शरीर की जकड़न दूर करने और कार्य क्षमता में सुधार लाने में अत्यंत सहायक है।



यमुनानगर



करनाल

**योग ब्रेक** योग ब्रेक वहीं, जिला योग समन्वयक डॉ. सुनील कांबोज ने बताया कि इसी निरन्तरता में आयुष विभाग यमुनानगर में कार्यरत आयुष योग सहायकों द्वारा जिला में स्थित सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों आदि सरकारी संस्थानों में प्रोटोकॉल अनुसार योग ब्रेक करवाया गया। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, नगराधीश पीयूष गुप्ता, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह व डीआईओ विनय गुलाटी आदि मौजूद रहे।

### करनाल में 300 से अधिक कर्मियों किया अभ्यास

**करनाल।** आयुष विभाग तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन करनाल के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय के सभी विभागों के कर्मचारियों के लिए 5 मिनट योग ब्रेक की शुरुआत की गई है। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ अमित पुंज ने कर्मचारियों को ताड़ासन, अर्ध चक्रासन, स्कंध संचालन, कटि चक्रासन, ग्रीवा संचालन, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम जैसे अभ्यास करवाए, जो कमर दर्द, गर्दन दर्द व तनाव से राहत देने में सहायक हैं। जिला कार्यक्रम संयोजक पूजा ने बताया कि जिले के सभी आयुष संस्थानों में यह योग ब्रेक नियमित रूप से कराया जा रहा है और आज 300 से अधिक कर्मचारियों ने इसमें भाग लिया।

कुछ युवकों ने चाकू से की वरदात

# नशे को लेकर झगड़ रहे युवकों ने काटी हथेली

» वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना व्यासपुर स्थित मुंडा खेड़ा गांव में नशे को लेकर झगड़ रहे कुछ युवकों ने चाकू से एक व्यक्ति की हथेली काट दी गई। आरोपी चाकू से उसके पेट पर वार करना चाहते थे, लेकिन व्यक्ति ने बचने के प्रयास में हाथ से चाकू को पकड़ लिया। जिससे अंगूठे से लेकर हथेली तक हाथ कट गया। घायल को अस्पताल लाया गया। जहां उसे हथेली पर 16 टांके आए हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

गांव मुंडा खेड़ा निवासी धर्मवीर ने बताया कि वह मजदूरी करते है। उनकी गली एक महिला लंबे समय से नशा बेचने का काम करती है। जिस बारे वह पहले भी कई बार शिकायतें दे चुके हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार की रात करीब 11 बजे चार पांच युवक महिला के घर नशा लेने के लिए आए हुए थे। इस दौरान उन लोगों की आपस में किसी बात को लेकर बहस हो गई, जोकि बाद में लड़ाई झगड़े में बदल गई। सभी युवक लड़ते हुए घर से बाहर गली में आ गए। इस दौरान पड़ोस का ही एक युवक शुभम अपने घर से बाहर आया, तो आरोपियों से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### 16 टांके लगे

शोर सुनकर पड़ोस की ही एक युवती बाहर आई थी, जिसके साथ आरोपियों ने छेड़छाड़ की।इतने में शोर ज्यादा मचने लगा तो वह भी तुरंत अपने घर से बाहर आया। ऐसे में वह शुभम व उक्त युवती को आरोपियों से छुड़ाने के लिए आगे बढ़ा तो उन्होंने उसके साथ भी मारपीट कर दी। इतने में एक युवक चाकू लेकर वहां पहुंचा और उसके पेट में मारने का प्रयास करने लगा। बचाव के लिए उसने अपने हाथ से चाकू का अगला हिस्सा पकड़ लिया। आरोपी ने इतने में चाकू को तेजी से पीछे खींचा, जिससे उसकी हथेली बुरी तरह से कट गई। धर्मवीर ने कहा कि आरोपियों के पास तलवार और डंडे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पर दी। थोड़ी ही देर में पुलिस भी वहां पहुंच गई। पुलिस टीम ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर उसकी हथेली पर 16 टांके लगाने पड़े। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

# रोहतक पीजीआई कर्मियों ने कुरुक्षेत्र में सीएम आवास पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में सीएम आवास पर प्रदर्शन करने पहुंचे रोहतक पीजीआई के कर्मचारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सीएम आवास के बाहर से पुलिस कर्मचारियों को जबरन बसों में बैठा लेकर गई। पहले कर्मचारियों को अलग-अलग थानों में ले जाया गया, जहां से बाद में कर्मचारियों को पुलिस लाइन में ले जाया गया। अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने यह बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की है। महिलाओं कर्मचारियों को पुलिस ने सडक़ों पर घसीटा। एसोसिएशन का कहना है कि कर्मचारी शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांग उनके समक्ष रखना चाहते थे। उल्लेखनीय है कि जून महीने से रोहतक पीजीआई में काम करने वाले 1271 अनुबंध कर्मचारी हड़ताल पर हैं। दो महीने तक करनाल जिला सचिवालय के सामने भी धरना जारी रहा।

» दो महीने तक करनाल सचिवालय के सामने भी धरना जारी रहा

अब ये कर्मचारी पैदल मार्च निकालते हुए कुरुक्षेत्र पहुंचे थे। प्रधान अभिषेक और महासचिव महेश ने कहा कि 26 सितंबर 2025 को रोहतक से पैदल मार्च निकाल कर कर्मचारी चंडीगढ़ जा रहे थे। 29 सितंबर को करनाल की जाट धर्मशाला में कर्मचारियों को जिला प्रशासन ने आगे बढऩे से रोक लिया। इसके बाद तीन अक्तूबर से करनाल में जिला सचिवालय के सामने धरना शुरू कर दिया गया। उधर जून महीने से रोहतक पीजीआई में कर्मचारी हड़ताल पर हैं। करनाल जिला प्रशासन ने सात दिन के भीतर लिखित में मुख्यमंत्री से मिलवाने का आश्वासन दिया था। यह आश्वासन झूठा निकला। इस बार कर्मचारी किसी दबाव में नहीं रूकेंगे।

उल्लेखनीय है कि 1271 कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम से जोडऩे की मांग की जा रही है। एसोसिएशन का कहना है कि यह मांग जायज है। सरकार ने अन्य विभागों के हजारों कर्मचारियों को एचकेआरएन से जोड़ा है। रोहतक पीजीआई में अनुबंध आधार पर काम कर रहे कर्मचारियों के साथ ही भेदभाव क्यों किया जा रहा है।



### प्रदर्शन में यह रहे शामिल

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों में अभिषेक, महेश, ईश्वंती, संजय, सुरेंद्र, प्रदीप, अजीत, बलराज, सतीश, दिलबाग, देवेंद्र, अनीता, सुमित्रा, रीना, पूनम, सुमन, अभिमन्यु व वजीर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल रहे।

# संदिग्ध हालत में युवक की मौत पत्नी ने हत्या का संदेह जताया

**बराड़ा।** गांव उगाला में देर रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पत्नी ने हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायत देकर अनजान आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मृतक की पहचान विशाल कुमार (30) के रूप में हुई है। किरणबाला ने पुलिस बताया कि उसका पति पिछले लगभग चार वर्षों से कौशल रोजगार योजना के तहत आईटीआई अंबाला शहर में स्वीपर के पद पर कार्यरत था। विशाल रोजाना की तरह सुबह ड्यूटी पर गया था। शाम करीब छह बजे घर लौट आया था। उसके चेहरे पर हल्के चोट के निशान नजर आए, लेकिन पूछने पर उसने किसी झगड़े की बात से इनकार किया।

### सुबह चारपाई पर अचेत मिला

रात करीब नौ बजे वह घर के बरामदे में सीढ़ियों के पास पड़ी चारपाई पर सोने चला गया। रात में उसने खाना खाने से मना कर दिया था। सिर व पैरों में दर्द की शिकायत की। सुबह लगभग पांच बजे जब विशाल की माता उसे उठाने गईं तो वह अचेत पड़ा मिला। परिजनों ने चेक किया तो वह मृत मिला। उसके गले के बाईं ओर स्पष्ट निशान थे जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल पर सीन ऑफ क्राइम टीम और फिंगर प्रिंट की टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवाया। इस घटना के बाद गांव में माहौल गमगीन है। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।



# तस्करों ने जंगल से हजारों रुपये के खैर के पेड़ काटे

**यमुनानगर।** साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव सालेहपुर जंगल से खैर तस्करों ने हजारों रुपये के खैर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए। पुलिस ने वन विभाग के अधिकारियों की शिकायत पर अज्ञात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार साढ़ौरा वन विभाग के कर्मचारी अजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव सोलहपुर जंगल में खैर के पेड़ लगे हुए हैं। छह दिसंबर को उसे सूचना मिली थी कि चोरों ने जंगल से खैर के पेड़ काट कर चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। जांच करने पर उसे जंगल से खैर के 11 पेड़ कटे मिले। जिनकी कीमत करीब 30 हजार रुपए है। उसने खैर तस्करों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ किया केस दर्ज

# जानलेवा हमला करने पर तीन साल की सजा सुनाई


**अंबाला।** जिला सत्र न्यायालय ने जानलेवा हमला और अन्य संबंधित अपराधों के मामले में विजय को दोषी ठहराते हुए उसे तीन साल के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला सत्र न्यायाधीश कंचन माही ने यह फैसला सुनाया।

इसका केस अंबाला शहर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था जिसमें जानलेवा हमले में तीन साल की सजा, चोट पहुंचाने, धमकी और गैरकानूनी जमावड़ा में एक साल की सजा सुनाई गई। दोषी कमल विहार निवासी विजय पर अदालत ने सात हजार रुपये का दंड भी लगाया है। जुर्माना न भरने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत ने यह भी आदेश दिया है कि सभी सजा एक साथ चलेंगी। इसके अलावा जांच या ट्रायल के दौरान दोषी द्वारा जेल में बिताई गई अवधि को उसकी कुल सजा में से समायोजित कर दिया जाएगा।

जिला सत्र न्यायालय ने सात हजार का जुर्माना भी ठोका

### यमुनानगरः छह दिन से लापता व्यक्ति का नाले में पड़ा मिला शव

**यमुनानगर।** पांच दिन से लापता एक व्यक्ति का शव वीरवार को बुड़यिा कस्बा के नजदीक स्थित नाला से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बुड़यिा थाना के जांच अधिकारी यशपाल ने बताया कि सुबह के वक्त उन्हें सूचना मिली थी कि कस्बा के नजदीक नाला में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। उन्होंने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर देखा तो एक व्यक्ति का शव नाले में पड़ा हुआ था। शव को नाला से बाहर निकाला गया और उसकी शिनाख्त के लिए पूछताछ की गई। पूछताछ में मृतक की पहचान किशनपुरा माजरा निवासी 40 वर्षीय सोनू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सोनू गत 6 दिसंबर से अचानक घर से लापता हो गया था। इस दौरान उनके परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दी थी। आज वीरवार को सोनू का शव मिल गया है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मौत के कारणों का पता नहीं चला है। चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने के बाद ही साफ हो पाएगा कि मौत का कारण क्या है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। जांच में जो सामने आएगा कार्रवाई की जाएगी।



**यमुनानगर।** बुड़िया कस्बा के नजदीक नाला से मिले सोनू के शव के मामले में कार्रवाई करते पुलिस।

### यूएसए भेजने के नाम पर 30 लाख की ठगी, कप्तान पर नया केस दर्ज

अंबाला। अमेरिका भेजने के नाम पर जींद के कर्मबीर से 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। आरोपी कप्तान सिंह ने दंपती को मुंबई के बाद कंबोडिया भेज दिया व आगे नहीं भेजा। आखिर में पीड़ित ने दोनों को वापस बुला लिया। नग्गल थाना पुलिस ने आरोपी कप्तान सिंह पर केस दर्ज किया है। हालांकि आरोपी पहले भी धोखाधड़ी के कई मामलों में गिरफ्तार चल रहा है। पुलिस को दी शिकायत जींद के डिडवाडा गांव के कर्मबीर ने बताया कि इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के जरिये वह आरोपी कप्तान सिंह के संपर्क में आया था। अगस्त 2023 को उसने व दोस्त बिजेंद्र ने लड़के अंकुश व उसकी पत्नी को बाहर भेजने के लिए आरोपी से संपर्क किया तो उसने 30-30 लाख रुपये यानी कुल 60 लाख रुपये में यूएसए भेजने की बात कहीं थी। आरोपी ने 30 लाख रुपये एडवांस ले लिए थे। आरोपी को ब्याज पर व जमीन बेचकर पैसे दिए। आरोपी ने एनडीआई प्लाजा के पास मिलने को बुलाया। पहले तो आरोपी ने मुंबई के जरिये 2 मार्च 2024 को कंबोडियो भेज दिया। जाते हुए डोंकर्स ने बच्चों से पैसे छीन लिए। 26 दिन कंबोडिया में रहे। जब आरोपी ने आगे यूएसए नहीं भेजा तो बेटे व पत्नी को वापस भारत बुला लिया। तभी से आरोपी ने उनके पैसे नहीं लौटाए।

» कंबोडिया भेजने के बाद यूएसए भेजने से मना करने का आरोप

रोटरी क्लब लाडवा की पहल

# कपड़ों की फ्री सेल लगाई




**लाडवा।** रोटरी क्लब लाडवा द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी जरूरतमंद लोगों के लिए पुराने कपड़ों का वितरण अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन इस वर्ष क्लब ने अपने तरीके में बड़ा बदलाव करते हुए शहर में तीन स्थानों पर फ्री सेल काउंटर स्थापित किए हैं। अनाज मंडी, इंद्री रोड और पिपली रोड पर लगाए गए इन काउंटरों से भी जरूरतमंद पसंद के अनुसार गर्मी और सर्दी दोनों मौसमों के कपड़े निशुल्क प्राप्त कर सकता है। यह विशेष फ्री सेल चार दिनों तक चलेगी। रोटरी क्लब द्वारा इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी प्रोजेक्ट चेयरमैन हिमांशु गोयल को सौंपी गई थी। पहले क्लब पुराने कपड़े इकट्ठा कर स्वयं छंटाई करते थे और बाद में ईंट-भट्टों पर मजदूरी कर रहे परिवारों तक पहुंचाते थे। अधिकतम लोगों तक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से तीन स्थानों पर सेल का निर्णय लिया गया।

पंचकूला में समारोह का समापन, फोक डांस में छाया विवि

# कुवि की टीम का राज्य युवा उत्सव में पहला स्थान रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इंद्रधनुष सभागार, पंचकूला में 8 से 10 दिसम्बर 2025 तक भव्य आयोजन के रूप में संपन्न हुए राज्य युवा उत्सव-2025 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ग्रुप डांस टीम ने अपने उत्कृष्ट और ऊजार्वान प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विश्वविद्यालय की टीम ने फोक डांस (लोक नृत्य) श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठता साबित की, बल्कि विश्वविद्यालय का नाम भी पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पूरी टीम, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर.चौधरी, डॉ. मीनाक्षी सुहाग को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्टता और छात्रों की सृजनशीलता का महत्वपूर्ण परिचायक है।

उन्होंने टीम को राष्ट्रीय युवा उत्सव में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर.चौधरी ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचना विश्वविद्यालय की छात्राओं की प्रतिभा, परिश्रम और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस उपलब्धि ने विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह और गर्व का वातावरण बना दिया है तथा आने वाली प्रतियोगिता के लिए भी छात्राओं में नई ऊर्जा का संचार किया है।

डॉ. मीनाक्षी सुहाग ने बताया कि अपनी शानदार उपलब्धि के बाद अब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की यह विजेता टीम 12 से 14 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले नेशनल यूथ फेस्टिवल में हरियाणा और विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी।



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की विजेता टीम। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रतियोगिता में कुल 22 टीमों ने भाग लिया

कल्चरल इंचार्ज डॉ. मीनाक्षी सुहाग ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 22 टीमों ने भाग लिया था, जिनमें से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की 10 छात्राओं की टीम ने अपने सांस्कृतिक कौशल, ताल, तकनीक और प्रस्तुति की खास शैली से निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत प्रथम स्थान हासिल लिया। विजेता टीम में लक्ष्मी, भूमि, अन्नपूर्णा, खुशी, प्रीति, निहारिका, कशिश, मुस्कान, नेहा व विशु शामिल है जिनको कुल 1 लाख 10 हजार रुपये की राशि का चैक प्रदान किया गया तथा साथ ही प्रत्येक छात्रा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यह टीम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र अधिष्ठाता कार्यालय की ओर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजी गई थी। पूरी टीम का मार्गदर्शन और नेतृत्व सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. मीनाक्षी सुहाग ने किया, वहीं सन्नी कुमार, मंजीत, राकेश व नीरज ने भी विद्यार्थियों की तैयारी से लेकर प्रस्तुति तक हर चरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगों ने व्यक्ति से हड़पे पांच लाख 72 हजार

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने साढ़ौरा निवासी संदीप सैनी से विदेश में रहने वाले उसके दोस्त के नाम से फेसबुक अकाउंट बनाकर वीजा खत्म होने की बात कहकर धोखाधड़ी करके पांच लाख 72 हजार रुपए हड़प लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार साढ़ौरा निवासी संदीप सैनी ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि इसका एक दोस्त विदेश में रहता है। 20 जुलाई 2024 में उसके फेसबुक अकाउंट पर उसके दोस्त की लगी फोटो के अकाउंट से एक मैसेज आया। मैसेज में लिखा गया कि उसका वीजा खत्म हो गया है। वीजा बढ़वाने के लिए उसे तुरंत पैसों की जरूरत है। वह बाद में उसके पैसे वापस कर देगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उसे पांच लाख 72 हजार रुपए अपने अकाउंट में डलवा लिए।

### पति व सास-ससुर पर मारपीट का आरोप

**यमुनानगर।** गांव खजुरी निवासी महिमा ने अपने पति व सास ससुर पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपियों ने उसके पालतू कुत्ते को डंडे मार कर जान से मार दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव खजुरी निवासी महिमा ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका पति विकास ससुर श्रवण कुमार व सास उसके साथ झगड़ा करते थे। नौ दिसंबर को रात आठ बजे आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गई। इस दौरान आरोपियों ने उसके पालतू कुत्ते को भी डंडे मार कर जान से मार दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जगाधरी में पहुंची आत्मनिर्भर भारत रथ यात्रा का किया स्वागत

# आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सभी अपनाएं स्वदेशी उत्पाद : कंवरपाल

**मुख्यमंत्री सैनी ने आत्मनिर्भर भारत रथ यात्रा को किया था रवाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शुरु की गई आत्मनिर्भर भारत रथयात्रा के वीरवार को जगाधरी में पहुंचने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व जिला अध्यक्ष राजेश सपरा समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी के नेतृत्व में सैंकड़ो मोटरसाइकिलों व अन्य वाहनों के काफिले ने आत्मनिर्भर भारत रथयात्रा का गर्मजोशी से जगाधरी में प्रवेश करवाया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए आत्मनिर्भर बनना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं द्वारा स्वदेशी उत्पादों के महत्व, आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की उभरती प्रगति तथा राष्ट्रहित में सजग एवं जागरूक उपभोक्ता बनने के संदेश को अत्यंत प्रभावशाली और



**यमुनानगर।** जगाधरी में आत्मनिर्भर भारत रथ यात्रा का जगाधरी में पहुंचने पर स्वागत करने के दौरान लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए आहवान करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

रचनात्मक रूप में मजबूत किया जा रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने मौके पर सभी भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं व आमजन को आहवान किया किया कि वह अपने अपने गांवों में लोगों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए प्रेरित करें। ताकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए विकसित भारत संकल्प को पूरा किया जा सकें। उन्होंने कहा कि कहा कि आत्मनिर्भर भारत की शक्ति व छोटा कदम बड़ा बदलाव लाता है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने लोगों को आहवान किया कि आज लोकल खरीदो और कल भारत को विश्वगुरु बनाओ। हम सभी को अपने अपने क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना है व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में मजबूती से काम करना है। मौके पर ओबीसी मोर्चा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौहान व आत्मनिर्भर अभियान की प्रदेश सहसंयोजक प्रीति जौहर ने कहा कि आज हमें भारत देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ाना है। यदि हम अपने भारत देश में ही बनी वस्तुओं का प्रयोग करेंगे तो इससे हमारे देश का रुपया देश में ही रहेगा और हमारी स्वदेशी वस्तुओं पर निर्भरता भी बढ़ेगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंह व भाजपा नेता अशोक मेहंदीरत्ता आदि मौजूद रहे।

## रादौर के लिंक मार्गों से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक की मांग

# ग्रामीणों ने बापा के पास सड़क पर जाम लगाकर किया प्रदर्शन

**भारी वाहनों के कारण ग्रामीणों का सड़क मार्ग से गुजरना मुश्किल हो गया। बच्चों की स्कूल बसें भी जाम में फंस रही, इससे परेशानी बढ़ी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारी वाहनों की ग्रामीण इलाकों में आवाजाही शुरु होने के विरोध में क्षेत्र के लोगों ने रादौर क्षेत्र के गांव बापा में जाम लगाकर रोष जताया। उन्होंने सरकार से रात्रि के समय लिंक रास्तों से गुजर रहे काफी संख्या में भारी वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह रोक लगाए जाने की मांग की है।

गांव बापा के पूर्व सरपंच जगमोहन सिंह, जसविंदर सिंह सरपंच सढुरा, गुरदेव सिंह सढुरा, रोहित सरपंच बापौली, अनुज बापौली, सतीश बापौली, मलखान सिंह सढुरा, सलीम खान, मोनू धानूपुरा,



यमुनानगर के गांव बापा में लिंक मार्ग पर जाम लगाकर भारी वाहनों को रोकते हुए ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

जगदीश,मंजीत सिंह बापा व गुरप्रीत सिंह बापा आदि के नेतृत्व में इलाके के सैंकड़ो ग्रामीण बापा के नजदीक मार्ग पर एकत्रित हो गए और भारी वाहनों की आवाजाही को बंद करने के लिए जाम लगा दिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले सरकार व प्रशासन द्वारा सीएम सिटी लाडवा में सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक भारी वाहनों की आवाजावी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिसे देखते हुए वाहन चालकों ने अपने भारी वाहनों का रुख रादौर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के लिंक रास्तों से होकर गुजरने के लिए कर लिया। उन्होंने बताया कि दिन भर रादौर खरकाली सड़क मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजावी से सड़कें टूटने लगी हैं। कुछ दिन पहले ही उनकी सड़क का सरकार द्वारा निर्माण करवाया गया था। वहीं भारी वाहनो के कारण सड़क पर आए दिन जाम लग रहा है। स्कूल कॉलेज जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। भारी वाहनों के कारण ग्रामीणों का सड़क मार्ग से गुजरना मुश्किल हो गया है। भारी वाहनो के कारण बच्चों की स्कूल बसे जाम में फंस रही हैं। जिस कारण बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं और न ही समय पर स्कूल से वापिस आ पा रहे है।

**यह मांग की**

गांव बापा के पूर्व सरपंच जगमोहन सिंह, जसविंदर सिंह सरपंच सढुरा, गुरदेव सिंह सढुरा, रोहित सरपंच बापौली, अनुज बापौली, सतीश बापौली, मलखान सिंह सढुरा, सलीम खान, मोनू धानूपुरा, जगदीश व मंजीत आदि ने सरकार से रादौर क्षेत्र के लिंक मार्गों से होकर गुजर रहे भारी वाहनों पर पूर्णतय रोक लगाए जाने की मांग की।

**चेतावनी दी**

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा भारी वाहनों के गुजरने पर रोक नहीं लगाई गई तो वह स्वयं सड़कों पर नाकाबंदी करके भारी वाहनों पर रोक लगाएंगे।

## खबर संक्षेप



### बुजुर्ग करते हैं हमारे जीवन को दिशा प्रदान : भाटला

**रादौर।** स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में वीरवार को ग्रैंडपेरेंट्स डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक शशि भाटला मुख्य रूप से उपस्थित हुई। उन्होंने बताया कि यह विशेष दिवस उन वरिष्ठ जनों के सम्मान का प्रतीक है, जिनके आशीष, अनुभव व संस्कार हमारे बच्चों के जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। इस समारोह का प्रसंग भी नींव रखा गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों गीत, नृत्य, कविता एवं नाट्य के माध्यम से अपने बुजPर्गों के प्रति प्रेम व कृतज्ञता व्यक्त की। निदेशिका ने बताया कि हमारे वरिष्ठ नागरिक ज्ञान, धैर्य व मूल्यों के सच्चे आधार स्तंभ हैं। उनका संरक्षण और मार्गदर्शन नई पीढ़ी को मजबूत बनाता है।



### गन्ने के दामों को लेकर कांग्रेस का धरना आज

**रादौर।** गन्ने के दामों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता 12 दिसम्बर को जिला सचिवालय में धरना प्रदर्शन करेगी। जानकारी देते हुए हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धर्मवीर वेदपाल सिंह ने कहा कि इस प्रदर्शन में राष्टNीय महासचिव एवं सांसा चौधरी रणदीप सुरजेवाला मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा जो गन्ने की फसल तय की गई है वह बहुत कम है। उन्होंने बताया कि मौजूदा सरकार में किसानों का शोषण ही हो रहा है। न तो किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिल रहा है और न सरकार किसानों की मांगों को मान रही है। गन्ने के दमों में बढ़ोतरी को लेकर ही कांग्रेस पार्टी लघु सचिवालय में प्रदर्शन करेगी।

### सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है पोलो : सांसद



**रादौर।** सांसद नवीन जिंदल द्वारा खेल महोत्सव के अंतर्गत पोलो एग्जीबिशन मैच का आयोजन करवाया जा रहा है। यह आयोजन 13 दिसंबर को जिंदल हाउस, सांवला कुरुक्षेत्र में आयोजित होगा। सांसद नवीन जिंदल बताया कि पोलो दुनिया के सबसे प्राचीन खेलों में एक है। लगभग दो हजार वर्ष पूर्व भारत में चौगन नाम से प्रारंभ हुआ यह खेल समय के साथ विकसित होकर आधुनिक पोलो बना। कभी राजघरानों और सेना का गौरव रहा यह खेल संसाधनों के अभाव में लगभग विलुप्ति की स्थिति में पहुँच गया था। उन्होंने इस इस पारंपरिक और शौर्यपूर्ण खेल के पुनः जीवित करने का बीड़ा उठाया है। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि पोलो भारत की सांस्कृतिक विरासत और शौर्य परंपरा का प्रतीक है। हमारा संकल्प है कि इस ऐतिहासिक खेल को फिर से वह पहचान और सम्मान मिले जिसका यह हकदार है।,रुक्षेत्र की पवित्र धरती पर पोलो एग्जीबिशन मैच का आयोजन उनके लिए विशेष खुशी की बात है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह आयोजन युवाओं को प्रेरणा देगा। वहीं प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि एग्जीबिशन मैच को लेकर मैच स्थल पर पोलो ग्राउंड की लेवलिंग, मार्किंग, सेफ्टी बैरियर्स, तथा दर्शकों की सभी व्यवस्थाएं कर ली गई है।



### भारतीय मजदूर संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

**रादौर।** अनुबंध विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ का प्रांतीय अधिवेशन कुरुक्षेत्र में संपन्न किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष कंवरपाल द्वारा की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पिछली कार्यप्रणाली को भंग कर नई कार्यप्रणाली की घोषणा करना था। नई कार्यप्रणाली में हवा सिंह मैहला को महामंत्री, जसिवन्द्र दुहन को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कंवरपाल ने बताया कि संगठन को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए समिति में सुनील ढिल्लों, कंवरपाल एवं विक्रम श्योराण को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यकारिणी में सुभाष शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बलिंदर सिसमोर, नरेंद्र यादव, महासचिव जीवन ठाकुर, प्रदेश सचिव उदय शंकर, राज ठाकुर, राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष ओमवीर यादव, सहकोषाध्यक्ष कर्मवीर संधु, संगठन मंत्री रविंद्र हुड्डा, प्रेस सचिव रवि श्रीवास्तव, सलाहकार सुनील राणा, कार्यालय सचिव लोकेश भ्यान, कार्यकारिणी सदस्य गुलजार सैनी, राजेंद्र गुर्जर, जसवंत वर्मा, कर्मवीर जाखड़, खुशीराम गहलावत, राकेश यादव, नरेंद्र श्योराण एवं थर्मल प्रभारी अमरजीत सहारण को बनाया गया।

### नहीं मिल रहा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ

**रादौर।** मुख्यमंत्री द्वारा गरीबों के लिए चलाई गई मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना लाभार्थियों के लिए जी का जंजाल बन कर रह गई है। लाभर्थियों को योजना का लाभ लेने के लिए दलालों को मोटी रकम चुकानी पड़ती है। दलाली न देने पर लाभार्थी अधिकारियो के धक्के खाने पर मजबूर हो रहे है। जिससे लाभार्थी मानसिक तनाव से गुजर रहे है। इस संबंध में स्थानीय लाभार्थी सतीश, अनिल कुमार, संदीप कुमार, रजत, जगन चौहान आदि ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी लगभग 1 वर्ष पहले की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। परंतु एक वर्ष पूर्ण होने पर भी उनको योजना का लाभ नहीं मिला। अधिकारियों के ढीले रवैये कारण योजना का लाभ दलाल उठा रहे है। दलाल योजना से जुड़ी राशि दिलवाने के बहाने 20 से 30 हजार रूपये की मांग करते है। योजना का लाभ लेने के लिए दलाल पहले पैसे देने की बात करते है। बाद में शगुन राशि दिलाने की बात करते है। उन्होंने बताया कि इससे साबित होता है कि दलाल व अधिकारी की मिली भगत से पूरी राशि लाभार्थी तक नहीं पहुंच पाती।

# पॉलिथीन हमारे व पशुओं के लिए नुकसानदायक : धीरज

- नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त धीरज कुमार ने लोगों को किया पॉलिथीन का प्रयोग पूर्णतय बंद करने के लिए आहवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में ट्विन सिटी को अव्वल स्थान पर लाने के लिए नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस दौरान जहां डोर टू डोर घर घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं, नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा निगम के वार्ड.10 की गली नंबर 11 व 12 और आजाद नगर मुख्य बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जागरूकता रैली का आयोजन कर लोगों को पॉलिथीन का त्याग करके जूट व कपड़े के थैले प्रयोग में लागने के लिए जागरुक किया गया। निगम के सफाई निरीक्षण बिट्टू सिंह ने लोगों



**यमुनानगर** के आजाद नगर में जागरूकता रैली निकालती नगर निगम की आईईसी टीम।

को प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग न करने और इसके स्थान पर जूट या कपड़े का थैले का इस्तेमाल करने के बारे समझाया। निगम के अतिरिक्त आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे पॉलीथिन, प्लास्टिक के चम्मच, डोने, गिलास, आइसक्रीम की स्टिक, प्लेट, कप, कांटे, स्ट्रा ट्रे, मिठाई के डिब्बे पर लगने वाली पन्नी, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट, थर्माकोल का सजावटी सामान, पीवीसी बैनर, प्लास्टिक स्टिक समेत 19 प्लास्टिक आइटम के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध है।

### आधा दर्जन युवकों ने दो व्यक्तियों को पीटा

**यमुनानगर।** फरकपुर थाना क्षेत्र की रामनगर कॉलोनी में आधा दर्जन युवकों ने दो व्यक्तियों पर हमला कर तीन कारों के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार रामनगर जगाधरी वर्कशॉप निवासी राज बहादुर ने फर्कपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने साथी कॉलोनी के ही प्रेम के साथ रामनगर कॉलोनी में सरकारी स्कूल के पास मौजूद था। वहां पर कार्तिक, ऋषभ, प्रिंस, लवली, गौरव व सनी आए। आरोपियों ने आते ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने वहां पर खड़ी तीन गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान : गुप्ता

- लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को लघु सचिवालय यमुनानगर में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की शिकायतें सुनी और उनका समाधान किया। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि वीरवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में नौ शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें मुसिम्बल हिंदवान निवासी महेन्द्र सिंह ने इंतकाल दर्ज न करने बारे, जयराम पुर खालसा निवासी रूमन पंवाल ने स्कूल की छत्तों से पानी टपकने बारे, लाकड़मय प्रतापपुर निवासी जय कुमार ने जमीनी रजिस्ट्री न होने बारे,



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में लोगों की समस्याएं सुनते नगराधीश पीयूष गुप्ता।

शिवपुरी निवासी महेन्द्र प्रकाश ने सड़क व नाला ठीक करवाने बारे, प्रोफेसर कॉलोनी निवासी रेनु शर्मा ने वार्ड नंबर 8 से अतिक्रमण हटवाने बारे, बाम्बेपुर निवासी अफरोज ने राशन कार्ड बनवाने बारे, वार्ड नंबर 15 निवासी मिनाक्षी ने अपने वार्ड में अतिक्रण पर कार्रवाई नहीं करने बारे व जगाधरी निवासी हर्ष ने इंतकाल दर्ज करवाने बारे समस्या रखी। इन समस्याओं में से अधिकांश का मौके पर समाधान कर दिया। वहीं शेष को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए।

**समस्या समाधान शिविरों में बदलाव**

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा।

**शिलान्यास** | मेयर सुमन ने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए

# यमुनानगर को आधुनिक शहर बनाने पर काम कर रही सरकार : बहमनी

- नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शहर के गांधी नगर में 47 .35 लाख की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विनसिटी के गांधीनगर में वीरवार को मेयर सुमन बहमनी और विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने 47.35 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि गांधी नगर में पक्की गलियों व स्टार्म वाटर लाइन का का निर्माण कार्य किया जाएगा। इन निर्माण कार्यों के होने से क्षेत्र के लोगों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में कोई परेशानी नहीं होगी। स्टॉर्म वाटर लाइन डालने से बारिश में जलभराव की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। दोनों विकास कार्य होने से हजारों क्षेत्रवासियों को सुगम राह मिलेगी। साथ ही बारिश में होने वाले जलभराव की समस्या खत्म होगी। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव निगम क्षेत्र के हर वार्ड में करोड़ों रुपये के



**यमुनानगर।** गांधी नगर में विकास कार्यों का शिलान्यास करने के दौरान बातचीत करते हुए मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

विकास कार्य करवा रही है। शहर में पानी निकासी को नालियां, पक्की सड़कें, पक्की गलियों, सीवरेज सिस्टम, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, भूमिगत पाइप लाइन, सुंदर पार्क, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक केंद्र, धर्मशाला व अन्य विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। करोड़ों रुपये के विकास कार्य हो चुके है और करोड़ों के कार्य निर्माणाधीन है। इतनी की लागत के विकास कार्यों के लिए टेंडर कॉल किए हुए है। कुछ कार्य अंडर अलॉटमेंट है। जल्द ही इन कार्यों का भी निर्माण शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि जिन क्षेत्रों में विकास कार्य शुरू करवाए गए हैं। वहां की जनता इन कार्यों को करवाने में सहयोग करें।

नगर निगम के हर वार्ड के नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है। हर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के साथ अन्य सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जा रहा है। मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी है देश और प्रदेश तरक्की कर रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी हर वर्ग की चिंता करते हुए उनके उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। हर शहर हर गांव की गलियों से लेकर पक्की सड़कों, स्टेट व नेशनल हाईवे बनाने का कार्य किया जा रहा है।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर पार्षद संदीप धीमान, निगम अभियंता सुरेंद्र दहिया, जेई तुलसी राम, मंडल अध्यक्ष शुभम राणा व मंडल महामंत्री पूजा मोंगा आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## फिरनी के निर्माण कार्य की हुई शुरुआत

**शाहबाद।** शाहबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव लंडी में फिरनी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस परियोजना की शुरूआत भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने की। इस दौरान सुभाष कलसाना ने कहा कि गांव के लंबे समय से लंबित पड़े विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करवाना उनकी प्राथमिकता है। सुभाष कलसाना ने कहा कि फिरनी के बड़े हिस्से का निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है, और जो शेष भाग बचा है, उसे भी जल्द पूरा करवाया जाएगा।

## डीएलएसए ने लगाया जागरूकता शिविर

**थानेसर।** जिला एवं सत्र न्यायधीश, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के निर्देशनानुसार, विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पैनल अधिवक्ता कुलदीप सिंह द्वारा गाँव मुनियारपुर, मुखरपुर में, पैनल अधिवक्ता अंकित कुमार द्वारा हथीरा, किरमच में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को उनके मानवाधिकारों, विधिक अधिकारों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया।

## रैली निकालकर नशा न करने के लिए किया प्रेरित

**थानेसर।** जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा डीएलएसए कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशा-निदेर्शानुसार, ड्रग फ्री हरियाणा मिशन के तहत आईटीआई उमरी, कुरुक्षेत्र में एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से आमजन को ड्रग फ्री हरियाणा मिशन के उद्देश्य के बारे में अवगत कराया गया तथा नशा न करने के लिए प्रेरित किया गया।

## प्रतियोगिताओं में कुरुक्षेत्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**थानेसर।** युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता विभाग, हरियाणा द्वारा इन्द्रधनुष सभागार, पंचकूला में राज्य युवा महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परविन्द्र कुमार वर्ग अनुदेशक तथा पिंकी लाइब्रेरियन के सानिध्य में जिला कुरुक्षेत्र की विभिन्न टीम ने भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें भाग लेते हुए जिला कुरुक्षेत्र की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला कुरुक्षेत्र की समूह लोक नृत्य की लक्ष्मी, भूमि, विशू, मुस्कान, अनपूरणा, निहारिका, प्रीति, खुशी, नेहा की टीम ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### उपायुक्त ने अधिकारियों को सजग रहकर काम करने के दिए निर्देश

# स्वच्छता सर्वेक्षण की टॉप रैंकिंग के लिए नप ने फिल्ड में उतारी टीमें

**खास बातें**

- शहर की गलियों और चौराहों पर सीसीटीवी की नजर
- गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की टॉप रैंकिंग में लाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों ने कमर कस ली है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कुरुक्षेत्र को स्वच्छता सर्वेक्षण की टॉप रैंकिंग में लाने के लिए अधिकारियों को सजग रहकर काम करने के निर्देश दिए है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि थानेसर शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण की टॉप रैंकिंग में शुमार करने के लिए और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। शहर की गलियों और चौराहों में कूड़ा फैंकने वाले लोगों पर अब सीसीटीवी के माध्यम से नजर रखी जाएगी। शहर में गंदगी फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। उपायुक्त ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि घरों व दुकानों के कचरे को किसी भी डम्पिंग स्थल या सड़कों के किनारे ना फेंके अपितु डोर टू डोर आने वाले टिप्परों में ही कचरे को डाले।



कुरुक्षेत्र। अस्पताल में मौजूद नगर परिषद थानेसर की टीम के सदस्य।

### पिछले वर्षो की यह रही स्थिति

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणाम में थानेसर नगर परिषद 221वीं रैंक पर आई थी और राज्य में 23वां स्थाना मिला था। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के परिणाम में राष्ट्रीय स्तर पर 414 रैंक और राज्य में 20वां स्थान मिला था। वर्ष 2022 में हुए सर्वेक्षण राष्ट्रीय स्तर पर 178 रैंक और राज्य में 14वां स्थान मिला था। वर्ष 2021 के सर्वेक्षण में थानेसर नगर परिषद थानेसर को ऑल इंडिया स्तर पर 203 और स्टेट स्तर पर 12वां स्थान हासिल हुआ था। वहीं 2020 में थानेसर का ऑल इंडिया में 259 और हरियाणा में 16वीं रैंक थी। 2019 की बात करें तो इस सर्वेक्षण में नगर परिषद थानेसर 2018 के मुकाबले 53 अंक पिछड़ गई थी। इस दौरान अप्रैल तक हुए सर्वेक्षण में नप ने 252वीं रैंक देशभर में प्राप्त की थी और प्रदेश में 14वें स्थान पर रही थी। वहीं अगर 2018 की बात करें तो थानेसर नप 199 रैंक पर थी और 2017 में 253वें नंबर पर थी।

### टीम अस्पतालों और विद्यायलों में जाकर कर रही जागरूक

इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में कुरुक्षेत्र पीछे नही रहना चाहता है इसके लिए नगर परिषद थानेसर के कार्यकारी अधिकारी ने सात टीमों को फील्ड में उतार दिया है। ये टीमें थानेसर के 32 वार्डो में बने अस्पतालों व विद्यालयों में जाकर जहां स्वच्छता बारे जागरुक कर रही है वहीं स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों को भी जांच रही है। मापदंडों में कमी पाए जाने पर उन कर्मियों को दूर करने के निर्देश भी दिए जा रहे है। नगर परिषद थानेसर के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार के अनुसार पिछले एक सप्ताह से ये टीमें फील्ड में कार्य कर रही है। वार्ड 28 व 30 को छोड़कर बाकी सभी वार्डो में बने स्कूलों व अस्पतालों में जाकर टीम निरीक्षण कर चुकी है। इन दोनों वार्डो में को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। टीम ने अभी तक 19 स्कूलों व 52 अस्पतालों को कवर कर चुकी है। ये टीमें गीला कचरा व सुखा कचरा को अलग-अलग रखने व वेस्ट को डिस्पोजल करने बारे जानकारी ले रही है। ईओ राजेश कुमार ने कहा कि थानेसर शहर को स्वच्छता की रैंकिंग में प्रथम स्थान पर लाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए शहर के चौकों, चौराहों पर बड़े छोटे हर तरह के पोस्टर के साथ ही दीवारों पर स्वच्छता संबंधित पेंटिंग, पंपलेट वितरण, गीले सूखे कचरे की पहचान सम्बन्धित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## योग ब्रेक पहल ने विभागों में जगाई नई ताजगी : डॉ मंजू



- महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग एवं जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग एवं जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में जिला कुरुक्षेत्र में वीरवार को आदर्श पुलिस स्टेशन कुरुक्षेत्र,बी सी सर्वोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव यारा, आंगनबाड़ी केंद्र कलाल माजरा, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सारसा, जिला रेड क्रॉस कुरुक्षेत्र,योग ब्रेक का आयोजन करवाया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र डॉ मंजू शर्मा के दिशा निर्देश में विभिन्न विभागों में योग ब्रेक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ जागीर सिंह एवं योग विशेषज्ञ मनजीत सिंह के सहयोग से आयुष विभाग के योग सहायकों श्री रोहतास कुमार, श्रीमती बाला देवी द्वारा आदर्श थाना पुलिस स्टेशन कुरुक्षेत्र, बी सी सर्वोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल यारा दीपक कुमार, आंगनबाड़ी केंद्र कलाल माजरा नरेंद्र कुमार, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सारसा श्रीराम निवास, जिला रेडक्रॉस कुरुक्षेत्र कर्मवीर, वीरेंद्र सिंह योग सहायकों द्वारा कर्मचारी को वाइ (योग) ब्रेक का अभ्यास करवाया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ मंजू शर्मा द्वारा बताया गया।

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर एसएचओ विशाल कुमार, मुंशी कुलदीप सिंह, सब इंस्पेक्टर गुरदेव सिंह, सब इंस्पेक्टर बलविंदर सिंह, उप निरीक्षक जसविंदर कौर जिला रेड क्रॉस कुरुक्षेत्र से असिस्टेंट हरि सिंह, टेक्निकल कोऑर्डिनेटर रीना देवी, फर्स्ट एड लेक्चर गुरमीत सिंह, निरीक्षक सतीश राणा और देवी रानी व स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र से अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।*

## जॉब सिक्योरिटी एक्ट लागू करने की मांग

- कौशल रोजगार निगम संघ ने कुलसचिव को सौपा मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कार्यरत कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल कौशल रोजगार निगम संघ के प्रधान गुरदीप तंवर के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ वीरेंदर पाल से मिला व अपनी समस्याओं से सम्बंधित एक ज्ञापन उन्हें सौंपा। संघ प्रधान गुरदीप तंवर ने बताया कि हाल ही में हरियाणा सरकार द्वारा पारित कॉन्ट्रेचुअल जॉब सिक्योरिटी एक्ट को एग्जीक्यूटिव कौंसिल मे पास किए जाने की मांग की ताकि विश्वविद्यालय में काफी सालों से कार्य कर रहे कर्मचारी अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालय जैसे की मीरपुर यूनिवर्सिटी रेवाड़ी, बाल्मीकि यूनिवर्सिटी कैंथल, महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी रोहतक ने कौशल रोजगार निगम के तहत कार्य कर रहे कर्मचारियों की जॉब सुरक्षा अधिनियम को अपने स्तर पर एग्जीक्यूटिव कौंसिल मे पास कर कर्मचारी के हितों को सुरक्षित करने का काम किया है। ल इस अवसर पर उनके साथ दिनेश कुमार, रामशर्मा शर्मा, राहुल सैनी, मेजर तंवर राजीव सैनी, रवि कश्यप, रवि जाम्बा, सोनू पबनावा, गुरदेव शर्मा, सोनू मेहला, सालिन्दर मुंडा खेड़ा, शुभम कल्याण, सुखविंदर कादयान, प्रदीप रोड़, योगेश, शम्भू झा विक्रम सैनी, विनोद गिल, सुखबी धारीवाल, मिंटू गुर्जर, प्रदीप उमरी, पवन सिंह, प्रवीण कश्यप समशीपुर आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। कुलसचिव डा. वीरेंद्र पाल को ज्ञापन सौपता कौशल रोजगार निगम संघ का प्रतिनिधिमंडल।

## प्रत्येक सोमवार व वीरवार को आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर

**लाडवा।** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि उपमंडल के सभी विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसी भी माध्यम से प्रशासन को प्राप्त होने वाली जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार समाधान हो। अगर शिकायतें लंबित पड़ी हैं तो उन्हें समयबद्ध तरीके से निपटाया जाए। एसडीएम अनुभव मेहता वीरवार को समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही नहीं होती है तब तक बैठकों का कोई फायदा नहीं है। उपमंडल के सभी विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रशासन को किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाली जनता की प्रत्येक शिकायत का समाधान प्राथमिकता से हो। शिकायतों के समाधान में ढिलाई किसी भी हाल में सहन नहीं होगी।

## 1132 केवी सोलर पावर प्लांट स्थापित

**आदेश का हरित ऊर्जा की ओर बड़ा कदम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल मोहड़ी ने पर्यावरण संरक्षण और विकास की दिशा में एक और बड़ा सशक्त कदम बढ़ाते हुए आदेश कैंपस में 1132 किलोवाट क्षमता वाले अत्याधुनिक सोलर पावर प्लांट का आज विधिवत उद्घाटन किया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शुभारंभ आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच. एस. गिल ने किया गया। डा. एच.एस. गिल ने कहा कि ऊर्जा संकट और बढ़ते प्रदूषण स्तर को देखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आदेश ग्रुप हमेशा से समाज के हित और प्रकृति के संरक्षण हेतु समर्पित रहा है और यह सोलर प्रोजेक्ट उसी दिशा में उठाया गया एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि इस सोलर पावर प्लांट के संचालन से कैंपस की बिजली आवश्यकताओं का एक बड़ा हिस्सा अब सौर ऊर्जा से पूरा किया जाएगा। इससे पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता कम होगी तथा पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान देगा। आदेश के एम.डी. डा. गुणतास सिंह गिल ने कहा कि यह परियोजना न केवल ऊर्जा उत्पादन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है बल्कि छात्रों के लिए एक प्रेरणादायी मॉडल भी है। उन्होंने कहा कि आदेश कैंपस ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित किया है और एक स्वच्छ, सुरक्षित तथा भविष्य की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।



कुरुक्षेत्र। आदेश में सोलर प्लांट लोकार्पण मौके पर स्टॉफ के साथ डा.एच.एस. गिल।

## केशवानंद ममगाईं ने हरियाणा की हिंदी पत्रकारिता पर की थी सबसे पहले पीएचडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

17 नवंबर,1935 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल के गांव तैड़ी में जन्मे डॉ. ममगाईं भले ही परोक्ष रूप में आज हमारे मध्य नहीं है; लेकिन कर्म योगी-समाजसेवी कभी नहीं मरते,वे सदैव अमर रहते हैं। वे किसी परिचय के मोहताज नहीं थे और किसी भी विद्वान से उसके स्तर पर जाकर वार्ता करते थे। जब वह किसी बच्चे से वातार्लाप करते थे, तो उसी के स्तर पर आकर वार्ता करते थे। इससे सामने वालों को लगता था कि ये तो मेरे अपने हैं।पलक झपकते ही सामने वाले व्यक्ति पर अपनी प्रतिभा का छाप छोड़ने में वे कुशल थे। वे बड़े ही कोमल हृदय के व्यक्ति थे। शायद इसलिए वह किसी का भी दुःख-दर्द सहन नहीं कर सकते थे और सदैव जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करने के लिए तत्पर रहते थे। 1959 में पंजाब में डॉ.ममगाईं द्वारा डॉ साहित्य संगम की स्थापना की गई;जिसके अध्यक्ष डॉ.संसार चंद्र, महामंत्री डॉ. गणपति चंद्रगुप्त और सहायक मंत्री डॉ. ममगाईं बने। 1969 में डॉ. ममगाईं का कुरुक्षेत्र में जब आगमन हुआ तब कुरुक्षेत्र एक महज छोटा सा कस्बा था। शिक्षा के नाम पर यहां कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय था; जो आज भी है। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एम.ए. हिंदी की परीक्षा उत्तीर्ण की और पत्रकारिता के क्षेत्र में अनेक सराहनीय कार्य किए। हरियाणा की हिंदी पत्रकारिता पर 1982 में मेरठ विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की हरियाणा के ऐसे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने हरियाणा की हिंदी पत्रकारिता पर पीएचडी की।



## छात्राओं को बाल रक्षा किट की वितरित

**गीता कन्या विद्यालय में लगाया बाल रक्षा शिविर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता को ध्यान में रखते हुए श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र एवं भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र इकाई के संयुक्त सहयोग तथा अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली के तत्वाधान से अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बाल रक्षा शिविर लगाया गया। इसके अंतर्गत बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, उचित पोषण, रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि एवं स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। भारत विकास परिषद के प्रांत सचिव अतुल गोयल, अध्यक्ष विजयंत बिंदल तथा वरिष्ठ सदस्य रमेश गुलाटी एवं श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के प्रोफेसर डॉ. अमित कटारिया के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम इस कार्यक्रम में उपस्थित रही, जिसमें डॉ. अमन, डॉ. पंकज, डॉ विशाल, डॉ. प्राची, डॉ. श्रुति एवं डॉ. शुभम शामिल थे। चिकित्सक दल द्वारा बच्चों को संतुलित एवं संपूर्ण आहार, आहार से संबंधित नियमों, दिनचर्या तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के प्राकृतिक उपायों के बारे में सरल एवं रोचक तरीके से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा एवं प्राचार्या सुमन बाला ने समस्त विद्यालय परिवार को शिविर के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्तागण।



कुरुक्षेत्र। इंदु कौशिक को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं देते जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक।

## जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक ने संभाला कार्यभार

**कुरुक्षेत्र।** डिप्टी डीईओ एवं डीपीसी इंदु कौशिक ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के तौर पर कार्य ग्रहण किया। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने उन्हें कार्य ग्रहण करवाया और उनको पुष्प गुच्छ देकर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने बताया कि इंदु कौशिक ने डाइट पलवल में लेक्चरर के तौर पर अपनी सेवाएं दी। उसके बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खंरिंडवा में काफी समय तक अपनी सेवाएं दी। उसके पश्चात खंड शिक्षा खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर के तौर पर अपनी सेवाएं देने के उपरांत डिप्टी डीईओ के पद पर पदोन्नति हुई और उन्हें डीपीसी कुरुक्षेत्र का चार्ज दिया गया। जिला भर से शिक्षा विभाग के मुख्य अधिकारी कार्यग्रहण के समय मौजूद रहे, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी पिहोवा रामराज, खंड शिक्षा अधिकारी लाडवा नीलम सैनी खंड शिक्षा अधिकारी बाबैन रमेश बौद्ध, खंड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद बिजेंद्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर कमल बत्रा के अतिरिक्त प्रिंसिपल अश्वनी कौशिक, ऋतु बाला, डॉ सुदेश कुमारी, तनुपम, रमेश कुमार तथा हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन की ओर से सतबीर कौशिक और अध्यापक एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के रजनीश कौशिक, महावीर आत्रे, अमित मालिक, राजपाल कालरा, अमित शर्मा, नरेश फूले तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## कुरुक्षेत्र में पहली बार होगा पोलो मैच, तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत पोलो एग्जीबिशन मैच का आयोजन आगामी शनिवार, 13 दिसंबर को शाम 3 बजे जिन्दल हाउस, सांवला, कुरुक्षेत्र में होगा। यह ऐतिहासिक आयोजन सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है। पोलो दुनिया के सबसे प्राचीन खेलों में एक है। लगभग दो हजार वर्ष पूर्व भारत में चौगन नाम से प्रारंभ हुआ यह खेल समय के साथ विकसित होकर आधुनिक पोलो बना। कभी राजघरानों और सेना का गौरव रहा यह खेल संसाधनों के अभाव में लगभग विलुप्ति की स्थिति में पहुँच गया था। सांसद नवीन जिन्दल ने इस पारंपरिक और शौर्यपूर्ण खेल के पुनर्जीवन का बीड़ा उठाकर इसे आधुनिक सुविधाओं के साथ देश के युवाओं तक फिर से पहुँचाने का संकल्प लिया। पोलो को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल ने नोएडा स्थित जिन्दल पोलो एस्टेट में पाँच अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पोलो मैदानों की स्थापना करवाई है। इनमें से एक मैदान देश का एकमात्र नाइट-पोलो ग्राउंड है, जहाँ रात में भी पोलो मैच खेले जा सकते हैं। सांसद नवीन जिन्दल स्वयं पोलो के कुशल खिलाड़ी हैं और उनकी टीम जिंदल पैंथर भारत की प्रमुख पोलो टीमों में से एक है, जिसमें वे बतौर कैप्टन खेलते हैं।

**कार्यक्रम** गांव बडशामी में आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा कार्यक्रम आयोजित

### उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने यात्रा को झंडी दिखाकर किया रवाना

# देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में ले जा रहा आत्मनिर्भर भारत का संकल्प : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत एक ऐसा संकल्प है, जो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में ले जा रहा है। यही हमारी असली ताकत है। इसी ताकत को पहचानते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी का नारा दिया है। उन्होंने कहा कि यह रथयात्रा न केवल हमें एक साथ जोड़ती है, बल्कि हमें उनके संकल्प को साकार करने की प्रेरणा भी देती है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत-2047 का विजन रखा है। यह एक राष्ट्रवादी विचार, एक जन-आंदोलन और एक राष्ट्रीय जागरण है।



लाडवा। स्वदेशी यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करती उपाध्यक्ष सुमन सैनी व उपस्थित भाजपा पदाधिकारी।

### यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी

सुमन सैनी ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने गुलामी की बेड़ियां तोड़ीं, अब हमारी बारी है कि हम आर्थिक गुलामी की जंजीरों को काटकर एक आत्मनिर्भर, सशक्त, समृद्ध भारत की नींव रखें। उपाध्यक्षा सुमन सैनी वीरवार को लाडवा विधानसभा के गांव बडशामी में आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा कार्यक्रम में बोल रही थी। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, चेयरमैन डॉ गणेश दत्त, चेयरपर्सन साक्षी खुराना, जिला अध्यक्ष सरदार तिजेंदर सिंह गोल्डी भी मौजूद रहे। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने यमुनानगर जिले से कुरुक्षेत्र जिले की लाडवा विधानसभा में प्रवेश पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया। आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा के साथ चल रहे उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, ऋषिपाल मथाना, परव शर्मा ने यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी और वीडियो फिल्म दिखाकर नागरिकों को स्वदेशी अपनाने के लिए जागरूक भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, चेयरमैन डॉ गणेश दत्त, चेयरपर्सन साक्षी खुराना, जिला अध्यक्ष सरदार तिजेंदर सिंह गोल्डी, उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, डीएसपी रणधीर सिंह, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, प्रधान जितेंद्र खैरा, ऋषिपाल मथाना, परव शर्मा, नायब सिंह पटाक माजरा, पूनम सैनी, रविंद्र सांगवान, सन्नी कालड़ा, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### निगम ने अग्रसेन चौक से हटाए अवैध कब्जे

**अंबाला।** नगर निगम टीम ने वीरवार सुबह अग्रसेन चौक पर रेहड़ियों को जब्त किया। इन रेहड़ियों को सड़क किनारे लगाया गया था और रेहड़ियों को ताला लगाकर यहीं खड़ा किया गया था। निगम टीम सुबह पहुंची और रेहड़ियों सहित सड़क पर साइड में लगाए गए सामान को जब्त किया। इस दौरान पुलिस टीम भी शामिल रही। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुबह यह रोड जाम था। निगम की ओर से सड़क पर रखे गए सामान को उठाया गया। सड़क पर सामान होने के कारण जाम की स्थिति रहती है। गुरुवार को मार्केट में सेल लगने से ज्यादा भीड़ रहती है। उन्होंने कहा कि दुकानदारों को हिदायत भी दी गई कि सड़क पर सामान न रखें। उन्होंने बताया कि जिन रेहड़ियों का कोई मालिक मौके पर नहीं था और इन रेहड़ियों को रात में लॉक पर खड़ा किया गया था। उन रेहड़ियों को निगम टीम ने उठाया। इसके साथ ही पुलिस टीम ने शहर बस स्टैंड के बाहर भी रेहड़ी संचालकों को सामान को अंदर रखने के निर्देश दिए ताकि सड़क पर जाम की स्थिति पैदा न हो।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। परिवादी विपिन ने 4 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 नवंबर 2025 को हुडा पार्क के बाहर पार्किंग से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### अवैध पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज अवैध हथियार देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद रखने के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने मामले में संलिप्त अन्य आरोपी यश प्रताप सिंह को देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद रखने के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस को 9 दिसंबर 2025 को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरांत सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी को काबू किया। आरोपी की पहचान अभिषेक के तौर पर हुई।

### लूट के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी लखविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। परिवादी प्रमोद कुमार ने 6 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि पंजलासा चौक के पास से मोटरसाइकिल सवार आरोपी ने कान की बाली लूट/छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-नारायणगढ़ के पुलिस दल को सौंप दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

### 27 ग्राम 32 मिलिग्राम हेरोइन सहित एक काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज मामले में पुलिस ने आरोपी असलम को गिरफ्तार किया है। 9 दिसंबर 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना उपरांत पुलिस ने गांव बड़ी रसौर के पास से संदिग्ध आरोपी को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर पर उससे 27 ग्राम 32 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की थी। आरोपी की पहचान गौरव उर्फ अज्जू के रूप में हुई थी।

### धोखाधड़ी का आरोपी दो दिन के रिमांड पर भेजा


**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी सोमनाथ सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। गांव सुलखनी के अमर सिंह ने 18 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 अगस्त 2024 से 17 अप्रैल 2025 के दौरान आरोपी सोमनाथ सिंह व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे 57 लाख 50 हजार रूपये हड़पने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## परिवहन मंत्री ने अपने आवास पर लोगों की शिकायतें सुनी

# डीएसपी को प्रॉपर्टी डीलर पर केस दर्ज करने के निर्देश दिए

खेलो इंडिया में कांस्य पदक जीतने वाली महिला मुक्केबाज को विज ने मेडल पहनाते हुए प्रोत्साहन स्वरूप 11 हजार रुपये दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने वीरवार को अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की शिकायतों पर सुनवाई की। इस दौरान विज के समक्ष बीडी फ्लोर मिल के पास लक्की नगर की कई महिलाओं ने प्रॉपर्टी डीलर द्वारा उन्हें पहले जमीन देने व बाद में इस जमीन पर किसी और व्यक्ति द्वारा अपना हक जताने की शिकायत दी। महिलाओं का आरोप था कि वह कॉलोनी में पक्की गली का निर्माण कराना चाह रहे थे। मगर वहां व्यक्ति द्वारा उन्हें जबरन जगह खाली करने व बुलडोजर चलाने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में उन्होंने एक प्रापर्टी डीलर के मार्फत जमीन खरीदी थी। मगर वह भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। मंत्री ने मौके पर मौजूद डीएसपी अंबाला कैंट को प्रापर्टी डीलर के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए। सुंदर नगर से आई महिला फरियादी ने विज को अपनी शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि उनके घर एक बिजली कर्मी लगातार आ रहा है जोकि पूरे घर की वीडियोग्राफी कर रहा है। साथ ही उन्हें बार-बार धमका रहा है। महिला ने मंत्री को

### जबरन जगह खाली करवाने का आरोप

बताया कि उसके घर में बेटियां है मगर बिजली कर्मी लगातार उन्हें परेशान करने की मंशा से उन्हें परेशान कर रहा है जबकि उनका बिजली मीटर भी घर के बाहर लगा हुआ है। विज ने मामले में बिजली निगम के एक्सईएन को फोन लगाते हुए उक्त कर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा बिजली कर्मी द्वारा बार-बार महिला को परेशान क्यों किया जा रहा है। उन्होंने एक्सईएन को मामले में जांच कर कार्रवाई के

### महिला को धमकाने वाले कर्मी पर होगी कार्रवाई

निर्देश दिए। इसी तरह विज के समक्ष चार लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में महिला ने शिकायत दी जिस पर कैंट थाना पुलिस को मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। घसीटपुर से आए लोगों ने गांव में पुराने खंभों के स्थान पर नए खंभे लगाने की मांग की जिस पर बिजली निगम अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। छावनी की महिला ने एक व्यक्ति पर उसके दो लाख रुपए नहीं देने की शिकायत दी। महिला ने बताया कि उसने अपना मकान नौ लाख रुपए में एक व्यक्ति को बेचा था मगर व्यक्ति द्वारा केवल सात लाख रुपए की राशि उसे दी गई जबकि शेष दो लाख की राशि अब तक नहीं दी गई है। इस मामले में भी मंत्री पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए।

### पैमाइश करवाकर जांच के निर्देश

इसी तरह डिफेंस एन्कलेव से आए लोगों ने ऊर्जा मंत्री को शिकायत देते हुए कहा कि गली में एक व्यक्ति द्वारा अपना मकान दो फुट आगे बना लिया है जिससे गली की चौड़ाई कम हो गई है। इस मामले में छावनी एसडीएम को गली में पैमाइश कराकर जांच के निर्देश दिए। इसी तरह ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष महिलाओं ने शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि उनकी बेटियां फिलाडेल्फिया जीएनएम नर्सिंग कर रही हैं। मगर तीन वर्ष से कोई परीक्षा नहीं ली गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। इस दौरान अनिल विज ने खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में मुक्केबाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली बीसी बाजार की खिलाड़ी नीतिका को कांस्य पदक पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही प्रोत्साहन स्वरूप उसे 11 हजार रुपए अपने स्वैच्छिक कोष से प्रदान किए। उन्होंने खिलाड़ी को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

# 16 आवेदकों ने दुकानें लेने के लिए दिखाई रुची



अंबाला। तैयार हो रही नाइट स्ट्रीट मार्केट का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

■ विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसने के लिए 60 दुकानों का हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

छावनी में बनाई जा रही नाईट फूड स्ट्रीट मार्केट में दुकानें लेने के लिए देश के अलग-अलग शहरों की फर्मों से आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। दुकानें अलॉट करने के लिए नगर परिषद द्वारा एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रस्ट के तहत आवेदन मांगे थे और अब तक 16 आवेदन नगर परिषद, अम्बाला सदर में प्राप्त हो चुके हैं।मंत्री अनिल विज ने बताया कि नाइट फूड स्ट्रीट में सभी दुकानें अलॉट हो इसके लिए नगर परिषद द्वारा कार्रवाई की जा रही है और जल्द यह दुकानें अलॉट होगी। उन्होंने कहा कि नाइट फूड स्ट्रीट में लजीज व्यंजन लोगों को खाने-पीने के लिए मिलेंगे और खान-पान का शौक रखने वाले लोग इन व्यंजनों को पूरा लुत्फ अंबाला छावनी में ही उठा सकेंगे। उन्होंने कहा यह मार्केट निर्माण के अंतिम चरणों में है जोकि जल्द तैयार होगी। नाइट फूड स्ट्रीट बनने से जहां लोगों को रोजगार मिलेगा वहीं लोगों के बीच यह मार्केट खासकर खान-पान शौकीनों के लिए आकर्षण का केंद्र भी होगी। यह पूरी मार्केट वातानुकूलित होगी और यहां कुल 60 दुकानें बनाई गई है। नाइट फूड स्ट्रीट में लोगों के बैठने के लिए कॉमन स्पेस का भी निर्माण किया जा रहा है तथा वाहनों को खड़ा करने के लिए नाइट फूड स्ट्रीट के ठीक साथ पार्किंग सुविधा भी बनाई जा रही है। मार्केट की डेकोरेशन व ब्यूटीफिकेशन की जाएगी ताकि यहां आने वाले लोगों को अच्छा महसूस हो। यहां पर ग्रेनाइट पत्थर का फ्लोर एवं अन्य प्रावधान भी किए गए है।

### निर्माण अंतिम चरण में

गौरतलब है कि अंबाला छावनी के गांधी ग्राउंड के साथ नाइट फूड स्ट्रीट का निर्माण नगर परिषद द्वारा किया जा रहा है। लगभग साढ़े 5 करोड़ रुपए की लागत से दो चरणों में इसका निर्माण किया जा रहा है। पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है अब यहां दूसरे चरण का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है।

# लातविया का वर्क वीजा दिलवाने की एवज में चार लाख की ठगी

■ शिकायतकर्ता के ब्यान के आधार पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

वर्क वीजा दिलाने के नाम पर चंडीगढ़ के रामदरबार फेज-2 के सुभाष चंद से 4 लाख 3 हजार रुपये की धोखाधड़ी हो गई। पीड़ित का कहना है कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर आरोपी ने पैसे ठग लिए। सेक्टर-9 थाना पुलिस ने सुभाष चंद की शिकायत पर इंदिरा कॉलोनी जंडली के मोहित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री को मेल के जरिये की थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। पीड़ित सुभाष ने बताया कि आरोपी ने बेटी रमनदीप का लातविया वर्क-वीजा दिलाने के नाम पर 10 लाख में सौदा किया था। पहले चरण में 3 लाख रुपये मांगे थे। सितंबर 2024 में 1.50 लाख नकद व अक्तूबर 2024 में बैंक खाते में 1.50 लाख जमा कराए थे। आरोपी ने पैसे लेने के बाद हैदराबाद वीएफएस में लातविया वर्क वीजा की जगह स्वीडन का टूरिस्ट वीजा दाखिल किया। परिवादी का आरोप है कि आरोपी ने न तो उन्हें वर्क वीजा दिलवाया न ही पैसे वापिस किए। मांगने पर आरोपी जान से मारने व झूठे केसों में फंसाने की धमकियां देता है।

# मुलाना : स्कूल के खेल मैदान का होगा कायाकल्प

■ हाईमास्ट लाइटों से रात में भी चमकेगा मैदान, खिलाड़ियों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना



मुलाना। खेल मैदान में निरीक्षण के दौरान का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का खेल मैदान अब आधुनिक रूप लेने जा रहा है। बाकायदा इस को लेकर कार्य भी शुरु हो चुका है। बता दें कि यहां लंबे समय से उपेक्षित पड़े इस मैदान के सुधार की मांग की जा रही थी। अब खेल मैदान के सुधारीकरण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत ने अपने हाथों में लेते हुए इसके सुधार के लिए व्यापक योजना तैयार कर ली है। पंचायत की माने तो इस सुधारीकरण को गांव की खेल प्रतिभाओं के भविष्य से जोड़कर देखा जा रहा है। पंचायत के अनुसार मैदान में रनिंग ट्रैक तैयार किया जाएगा जिससे विद्यार्थियों और स्थानीय खिलाड़ियों को प्रतियोगी स्तर का प्रशिक्षण मिल सके। इसके अतिरिक्त मैदान को रोशन करने के लिए उच्च क्षमता वाली हाईमास्ट एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी जिससे शाम के बाद भी खेल गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगी। वीरवार को ग्राम सरपंच प्रवीन कुमार व समाजसेवी नरेंद्र बिलमा ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल स्टाफ सदस्य व गांव के युवा मौजूद रहे।

### पंचायत का किया स्वागत

सरपंच प्रवीन कुमार और समाजसेवी नरेंद्र बिलमा ने कहा कि मैदान के समतलीकरण,ट्रैक निर्माण, पानी निकासी की व्यवस्था और विभिन्न खेलों जैसे कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स के लिए अलग-अलग क्षेत्र चिह्नित करने का काम भी शुरू कर दिया है। पंचायत ने खिलाड़ियों के लिए बैठने की जगह, पेयजल सुविधा और सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं को भी प्राथमिकता सूची में रखा है। सरपंच ने बताया कि पंचायत का लक्ष्य गांव के युवाओं को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराकर उन्हें खेलों की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि यहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। सुविधाएं मिलने पर यहां के खिलाड़ी बड़ी प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। लोगों ने पंचायत के इस कदम का स्वागत किया है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से मैदान के आधुनिकीकरण की मांग की जा रही थी जो अब पूरी होती दिख रही है। युवा खिलाड़ियों ने इसे युवाओं के भविष्य के लिए एक सकारात्मक पहल बताया है। पंचायत द्वारा खेल मैदान में मिट्टी भराव व इंटलाकिंग टाइल्स का काम शुरू करा दिया है ।उम्मीद जताई जा रही है कि निर्धारित समय में निर्माण पूरा होने के बाद मुलाना क्षेत्र को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और सुरक्षित खेल मैदान का लाभ मिलेगा।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर व जूते

**अंबाला।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की टीम की ओर से वीरवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला धुराली के बाद राजकीय प्राथमिक पाठशाला बटरोन में विद्यालय के सभी 54 बच्चों को जूते, स्वेटर , कैप वितरित की गई। जिला महासचिव प्रकाश चंद्र ने बताया कि संगठन जिले भर में जहां जरूरत महसूस होगी ऐसे कार्यक्रम करता रहेगा ।मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सतवीर सैनी ने छात्रों को पढ़ लिखकर ईमानदार नागरिक बनने व देश की सेवा तथा अनुशासन में रहकर अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। थाना सदर एसएचओ शंभू लाल ने छात्रों को नशे से दूर रहने व जीवन में ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया । सीआरसी मुखिया लोकेंद्र ने संगठन के कार्यों की प्रशंसा की। छात्र अपने अधिकारियों को अपने मध्य पाकर बहुत खुश नजर आए तथा छात्रों ने ईमानदारी से पढ़ाई करने तथा अपने विद्यालय को स्वच्छ रखने का प्रण लिया।



अंबाला। छात्रों के साथ राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की टीम व अन्य।

# चुनाव आयोग ने अभी तक जवाब नहीं दिया कि आखिर वोट प्रतिशत कम कैसे हुई: हुड्डा

■ पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। कांग्रेस भवन में मंचासीन कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को होने वाली कांग्रेस की रैली का न्यौता देने के लिए वीरवार को कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व नेता विपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा अंबाला शहर के कांग्रेस भवन में पहुंचे। कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कार्यक्रम रखा गया। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पूरे देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अभूतपूर्व हमला हो रहा है। मतदाता सूचियों से छेड़छाड़, सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग और विपक्ष की आवाज दबाने के प्रयास लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने अभी तक जवाब नहीं दिया कि आखिर वोट प्रतिशत कम कैसे हो गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की यह रैली देशभर में हो रहे चुनावी धांधली के खिलाफ जनता की आवाज है। पवन अग्रवाल अध्यक्ष अंबाला शहर, परमिंद्र सिंह अध्यक्ष अंबाला सदर, संजय चौहान अध्यक्ष पंचकुला, नरपाल सिंह गुर्जर अध्यक्ष ग्रामीण यमुनानगर मौजूद रहे।

### मासिक क्विज प्रतियोगिता में कुणाल को सांत्वना पुरस्कार

**बराड़ा।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मासिक क्विज प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बीआईएस सदस्य कुणाल चौहान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सांत्वना पुरस्कार अर्जित किया है। कुणाल ने परमाणु शाखा में तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू बाला ने कुणाल सहित पूरी बीआईएस टीम को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए यह उपलब्धि प्रेरणास्रोत है। यह सफलता टीम वर्क, मेहनत और उचित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि यह पहली बार है जब किसी राजकीय विद्यालय के विद्यार्थी ने बीआईएस की राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिता में प्राइज हासिल किया है। इस उपलब्धि के लिए कुणाल चौहान को 2500 की राशि से सम्मानित किया जाएगा।



बराड़ा। स्कूल प्रिंसिपल के साथ विजेता कुणाल। फोटो :हरिभूमि

## सभी समस्यों के समाधान के लिए लोगों को किया आश्वस्त

# सीएम के नेतृत्व में प्रदेशभर में हो रहा समान विकास

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत प्रेमनगर स्थित अपने निवास स्थान पर अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनने के उपरांत प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित होगा। इसके साथ-साथ उन्होंने कुछ समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश भी दिए। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने मौके पर यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में विकास कार्यों को समान रूप से करवाने का काम किया जा रहा है। सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों की ब्यार बह रही है। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान हो। इसके तहत मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित करके समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

गोयल के समक्ष ली बिजली निगम , पेंशन , जन स्वास्थ्य विभाग, सडकों की मरम्मत व विकास कार्यों से संबंधित समस्याएं आई। पूर्व राज्यमंत्री ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान होगा। इस मौके पर डिप्टी मेयर राजेश मेहता,सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा, निगम सदस्य हितेष जैन, सरदूल सिंह, संजीव गोयल टोनी, अर्पित अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, गुरविंद्र सिंह मानकपुर के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शहजादपुरः शहीदों के नाम पर होंगे दो सरकारी स्कूल

■ मुख्य सचिव की ओर से आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

सरकार की नीति एवं हिदायतों अनुसार उपमंडल के दो सरकारी विद्यालयों के नामों से पहले संबंधित शहीदों के नाम जोड़ने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कदम शहीदों के अद्वितीय बलिदान को सम्मान देते हुए उनके गौरव को सदैव संजोए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि राज्य सरकार के मुख्य सचिव की हिदायतों अनुसार उपमंडल के दो सरकारी विद्यालयों के नामों से पहले संबंधित शहीदों के नाम जोडऩे की स्वीकृति प्रदान की गई है। बताया कि राजकीय माध्यमिक विद्यालय, धमौली बिचली का नाम अब शहीद शेर सिंह राजकीय मावि, धमौली बिचली किया है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कोड़वा कलां का नाम शहीद नरेंद्र सिंह राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कोड़वा कलां होगा। विद्यालयों का नाम शहीदों के सम्मान में समर्पित करना विद्यार्थियों, युवाओं और भावी पीढ़ी में देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और प्रेरणा का संचार करेगा। ये पहल बच्चों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और शहीदों के अद्वितीय योगदान से अवगत कराएगी।